हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 फरवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मांगों को ...



07 भौंरट बांध विस्थापितों ने मुख्यमंत्री से जनता...



## खबर संक्षेप में

### दिनदहाड़े महिला का एटीएम छीनकर निकाले रुपए

**नलखेड़ा।** रविवार को नगर के व्यस्ततम तथा पुरानी मंडी मार्ग पर एक महिला के हाथ से एक बदमाश एटीएम कार्ड छीनकर भाग गया तथा उस कार्ड से उसने 10 हजार भी उनके खाते से निकाल लिए। मामले में संबंधित महिला द्वारा पुलिस थाने पर आवेदन दिया गया है। नगर के नयापुरा मोहल्ला निवासी मानकुंवर सोनगरा 68 वर्ष जो की रविवार को अपने एटीएम से पैसे निकालने के लिए ओम पंडित की दुकान पर लगे एसबीआई के एटीएम पर गई थी। वहां से वापस आते समय हुसैन भाई बोहरा के गोदाम के पास एक अनजान व्यक्ति द्वारा उनके हाथ से एटीएम छीन ले गया। तथा उनके बैंक खाते से 10000 की राशि भी एटीएम के द्वारा निकाल ली गई।

### शांति समिति की बैठक 10 को होगी आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर स्थापित, शिकायतों पर होगी त्वरित कार्यवाही

**सीहोर।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन एवं वन बल प्रमुख बी.एन. अम्बाडे द्वारा 26 जनवरी 2026 को वन विभाग से संबंधित शिकायतों पर क्विक एक्शन और उनके त्वरित निराकरण के लिये स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर वन मुख्यालय, वन भवन तुलसीनगर भोपाल में स्थापित किया गया।

### रुद्राक्ष महोत्सव में आएंगे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर आगामी 14 फरवरी से होने वाले भव्य ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव में देश और विदेश में सनातन धर्म को रोशन करने वाले अनेक संतों के आने स्वीकृति मिली है। इस महाकुंभ में 17 फरवरी को बागेश्वरधाम के प्रसिद्ध कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री और 19 फरवरी को कथा वाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर भी शामिल होंगे। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज एक प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक हैं, जो भारत और विदेशों में सनातन धर्म के प्रचार और भागवत कथा के लिए जाने जाते हैं।

# नारायण विहार कॉलोनी के पास नहीं है 'विकास अनुमति'

# उपभोक्ता कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले जांचें हकीकत !

## कॉलोनाइजर को तहसीलदार ने थमाया नोटिस, खेत पर काटी जा रही है कॉलोनी, विकास अनुमति के बिना ही बेचे जा रहे आवासीय प्लॉट







### कलेक्टर के आदेश पर जिले में अवैध कॉलोनाइजरों की सूची तैयार

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास विकसित की जा रही नारायण विहार कॉलोनी प्रशासन की जांच के दायरे में आ गई है। नियमों को ताक पर रखकर बसाई जा रही इस कॉलोनी के पास अनिवार्य विकास अनुमति नहीं है। ऐसे में इस कालोनी में प्लॉट लेने वाले लोगों को अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई यहां लगाने से पहले जरुरी अनुमतियां जरुर देख लेना चाहिए।

बता दें नरेन्द्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास नारायण विहार नाम की कालोनी काटी जा रही है, जिस जगह यह कालोनी काटी जा रही है, वहां पहले खेत था, लेकिन कुछ दिनों बाद यहां हरियाली की जगह क्रंकीट नजर आएगा। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कालोनाइजर ने विकास अनुमति नहीं ली है। इस बात का खुलासा स्वयं तहसीलदार अमित सिंह ने किया है कि कॉलोनाइजर ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और विकास अनुमति नहीं ली। इसे लेकर प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है।

#### कलेक्टर ने जारी किए यह आदेश

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 62 के जरिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच कर एक सप्ताह में सूची प्रस्तुत करें। इसी आदेश के बाद अब पूरे जिले में हडक़ंप मचा हुआ है।

#### झरखेड़ा-दोराहा में भी अवैध कॉलोनियों का जाल

नारायण विहार के साथ-साथ झरखेड़ा और दोराहा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनाइजरों ने अपना जाल फैला रखा है। यहां तहसीलदार एसआर देशमुख ने डेड़ दर्जन ऐसे कॉलोनाइजरों की सूची तैयार की है, जो रसूख के दम पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉट बेच रहे हैं।

#### इन कॉलोनाइजरों ने ताक पर रखे नियम

प्रशासन द्वारा झरखेड़ा में तैयार की गई सूची में नासिर इस्लाम, इनाम उल्ला, अक्सा अली, संगीता, अमान उल्ला, रेहान खान, सैयद कमर अली, मोहन पाटीदार, भूपेंद्र पाटीदार, फूल सिंह, इशाक अली, गुलाब सिंह, झनक सिंह और मुकर्रम जैसे नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन्हें कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण बुनियादी सुविधाओं सडक़, बिजली, पानीद्ध के बिना ही कॉलोनी काट दी गई।

#### प्लॉट खरीदने से पहले यह जरूर देखें

कालोनाइजर लाइसेंसः जिला कलेक्टर कार्यालय से जारी लाइसेंस।
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग टी एंड सीपी मंजूरीः नक्शा पास होना अनिवार्य है।
विकास अनुमतिः स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज विकास की अनुमति।
रेरा पंजीयनः मध्य प्रदेश रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
एनओसीः नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र।

#### जल्द कार्रवाई की जाएगी

नरेन्द्र नगर में काटी जा रही नारायण विहार के पास विकास अनुमति नहीं है, सिर्फ डायवर्जन है। कालोनाइजर को नोटिस जारी किया गया है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना विकास अनुमति के काटी गई कालोनियों की सूची तैयार कर भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों को करना है।

**अमित सिंह,** तहसीलदार सीहोर शहर

## महिला कांग्रेस ने फूंका राजस्व मंत्री करण सिंह का पुतला

**सीहोर।** भाजपा के मंत्री विजय शाह के बाद अब राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने भी लाड़ली बहनों को खुलेआम धमकी दी है। गुरुवार को सीहोर के इछावर विधानसभा क्षेत्र के धामंदा में मंत्री श्री वर्मा ने सीईओ को निर्देश दिया कि सभी लाड़ली बहनों को हमारे कार्यक्रम में बुलाया जाय और जो नही आयें तो योजना की सूच में से उनका नाम काट दिया जाये वाली धमकी पर लाड़ली बहनों के मान सम्मान को काफी आघात पहुंचा है, इसी के विरोध में शनिवार को नया बस स्टेण्ड सीहोर में महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की विशेष उपस्थिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला फुंका गया एवं करण सिंह वर्मा मुर्दाबाद, करण वर्मा इस्तिफा दो के गगन भेदी नारे लगाये गये। इस मौके पर महिला कांग्रेस गुलाब ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने से लाड़ली बहना भाजपा की गुलाम नही बन गई है और उनको जो पैसा डाला जा रहा है, वह जनता के से वसूला जा रहा टेक्स का पैसा है, भाजपा के मंत्रियों की जैब का नही, जो आप खुले मंच से हमारी लाड़ली बहने आपके कार्यक्रम में नही आने पर उनका योजना से नाम काटने की धमकी दे रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अराजक सरकार के अहंकारी नेता ऐसे पेश आ रहे हैं।

### लड़की भगाने के शक में नाइलोन की रस्सी बांधा, गंभीर हालत अस्पताल में भर्ती

## शक में युवक का अपहरण, नग्न कर पीटा

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेहद सनसनीखेज घटना घटी। अरविंद मीणा नामक युवक अपने गेहूं के खेत में पानी दे रहे थे कि तभी आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने गंदी गालियों के साथ नायलोन की रस्सी से बांधकर उनकी हवस और क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। यह वारदात किसी बहन या बेटी को भगाने के शक में की गई थी। घटनास्थल से ही आरोपी युवक को जबरन सफेद बोलेरो में डालकर ले गए। युवक को गांव बिरजिसनगर ले जाकर सड़क पर नंगा कर डंडों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उनके हाथों, पीठ और शरीर पर बेरहमी से वार किए। घटना तब तक जारी रही जब तक कि युवक बेहोश नहीं हो गया। इस दौरान आसपास के लोग हादसे का शिकार युवक को पहचानने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आरोपी तेजी से फरार हो गए। पीड़ित को डायल 112 से इछावर अस्पताल में भर्ती कराया।

## दलहन क्रांति में केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाएगी मप्र सरकार: सीएम

**सीहोर/कोठरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अमलाहा स्थित इर्काडा कैंपस में आयोजित राष्ट्रीय दलहन सम्मेलन में हुंकार भरते हुए कहा कि दलहन उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार, केंद्र के साथ दो कदम आगे रहकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि भोजन दाल के बिना अधूरा है और प्रदेश में दालों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ सीएम ने आधुनिक प्रयोगशालाओं और दलहन मिशन पोर्टल का शुभारंभ भी किया।

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक किसानों की परवाह नहीं की। प्रदेश में कभी सिंचाई का रकबा मात्र 7,500 हेक्टेयर था, जो आज भाजपा सरकार के प्रयासों से बढक़र 44 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की संकल्प शक्ति और सरकार की नदी जोड़ों परियोजनाओं के माध्यम से अब अन्नदाताओं की जिंदगी बदल रही है। मुख्यमंत्री ने अमलाहा स्थित रिसर्च सेंटर के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि दलहन के मामले में हम फिलहाल दूसरे राज्यों पर निर्भर हैंए लेकिन अब ऐसे अनुसंधान और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसे पादप जीनोमिक्स और टिश्यू कल्चर लैब के माध्यम से मध्य प्रदेश दलहन उत्पादन में अग्रणी बनेगा।

#### खेतों के बीच राष्ट्रीय स्तर का मंथन


कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अनूठा अंदाज भी देखने को मिला। उन्होंने कहा कि खेती पर चर्चा दिल्ली-भोपाल के कंक्रीट के जंगलों में नहीं, बल्कि खेतों के बीच होनी चाहिए, इसीलिए यह सम्मेलन अमलाह के खेतों में आयोजित किया गया। चौहान ने देश के गांवों को बीज ग्राम बनाने की बड़ी घोषणा की, ताकि किसानों को उन्नत बीजों के लिए भटकना न पड़े।

#### तकनीकी विकास और किसानों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए दलहन मिशन पोर्टल लॉन्च किया। साथ ही बेहतर उत्पादन करने वाले 5 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्र में रोग प्रबंधन और एमएसपी पर समय पर खरीदी सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर रोडमैप तैयार किया।

## सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

### समाजजनों ने चढ़ाया निर्वाण लाडू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर के मूल नायक परमात्मा देवाधिदेव सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस रविवार को भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज जनों द्वारा मंदिरजी में सुपार्श्वनाथ मंडल विधान पूजन का आयोजन किया गया एवं भगवान के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

जानकारी देते हुए समाज के शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि रविवार को चौक बाजार स्थित 1008 श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक आयोजन के तहत सर्वप्रथम सुपार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक बोली के माध्यम से हुआ। जिसमें सर्वाधिक बोली लगाकर कलश करने का सौभाग्य प्रेमचंद नरेश चेलावत परिवार ने प्राप्त किया। उसके पश्चात शांति धारा की गई प्रथम कलश करने का सौभाग्य मांगीलाल आशीष कुमार जैन वकील सा.को प्राप्त हुआ। प्रथम शांति धारा रुपेश दक्ष पांड़यिा द्वारा एवं दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य मनीष हर्षित पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात नित्य नियम की पूजन व सुपार्श्वनाथ भगवान की पूजा हुई। एवं सभी समाज जनों द्वारा भगवान के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मोक्ष कल्याण के शुभ अवसर पर भगवान के समोशरण में चारों कोनों पर चवर स्थापित किए गए शाम को महा आरती का आयोजन किया गया। समस्त कार्यक्रम पंडित विकास सोगानी के सानिध्य में हुआ। विधान के पश्चात प्रभावना वितरण की गई एवं जीव दया के तहत पशु पक्षियों को दानदाता द्वारा घास रोटी एवं अनाज खिलाया गया।

### भिलाला ठाकुर समाज की बालिका टीम रही नृत्य के साथ ही प्रभु वेश के आकर्षक का केंद्र

## माता शबरी जन्मोत्सव पर नलखेड़ा में निकाला भव्य चल समारोह









हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शबरी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर नलखेड़ा में विशाल ,भव्य शोभायात्रा जायसवाल कालोनी चारधाम मंदिर के पीछे से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में नगर की बालिका टीम द्वारा आकर्षक नृत्य,डी.जे,बैंड ,ढोल,, घोड़ा बग्गी,भगवा धर्म ध्वजा हाथों में लेकर युवा आगे-आगे चल रहे थे वही फूलों से सुसज्जित रथ में माता शबरी , भगवान जय श्री राम लक्ष्मण के साथ शबरी कुटिया पर सवार थे।

शोभायात्रा में आदिवासी महापुरुषों बिरसा मुंडा, एकलव्य, शिवाजी महाराज, महाराणा पुंजा भील की झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा का नगर वासियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा सभा स्थल मां बगलामुखी रिसोर्ट पहुंची ,जहां जनसभा का आयोजन रखा गया जिसमें सर्वप्रथम मां शबरी के चित्र पर पूजन अर्चना कर माल्यापर्ण किया गया जिसके पश्चात आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर एवं बिरसा मुंडा की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि गोपालदास पंडा मुख्य पुजारी मां बगलामुखी मंदिर, मनोहर लाल भिलाला मुख्य अतिथि मां बगलामुखी मंदिर, मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते चेयरमेन -एस सी एस टी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा भारत सरकार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, विशेष अतिथि लक्की भाऊ जाधव मुम्बई राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष,रामेश्वर मंडलोई जयस पूर्व जिलाध्यक्ष,सुनील ठाकुर जयस जिलाध्यक्ष आगर, रामचरण मारसाब,कालूसिंग भडंभूजी, मोहनलाल भिलाला, डाक्टर, राधेश्याम भिलाला सिया, राधेश्याम लोहरिया, राम जी गुर्जरखेड़ी,कमल भिलाला पुलिस विभाग,भिलाला समाज युवा संगठन पंच प्रमुख दिनेश अस्तावत मुख्य पुजारी मां बगलामुखी मंदिर, गोविन्द भिलाला पंच गण , अर्जुन भिलाला,महेश भिलाला पंच गण, मनोहर भिलाला पंच गण, नरेंद्र चोहान,विजय भिलाला (पार्षद ) पंच गण,वही चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष समाज जन उपस्थित थे बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा समिति द्वारा सहभोज का कार्यक्रम रखा गया वही मंच का संचालन शीतल चौहान ने और आभार दिनेश अस्तावत मां बगलामुखी मंदिर पुजारी नलखेड़ा ने व्यक्त किया।

### दिलीप सकलेचा भाजपा के मंदसौर जिला प्रभारी हुए नियुक्त

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा पार्टी में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें नलखेड़ा के दिलीप सकलेचा को मंदसौर जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा इस संबंध में 7 फरवरी को पत्र जारी किया गया है जिसमें नलखेड़ा के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा आगर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सकलेचा को मंदसौर जिले के लिए भाजपा का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार आगर जिले के लिए जयदीप पटेल को जिला प्रभारी बनाया गया है। श्री सकलेचा एवं श्री पटेल की इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाइयां एवं शुभकामनाएं देकर संगठन का आभार माना।



## खबर संक्षेप

### सूर्य मित्र कृषक मित्र योजना अंतर्गत शिविर 10 व 11 फरवरी को

**देवास।** कार्यपालन यंत्री मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम संभाग उज्जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य मित्र कृषक मित्र योजना अंतर्गत देवास जिले में 1125 कृषकों को लाभांवित किया जा रहा है। इस योजना में कृषकों को मात्र 10 प्रतिशत लागत पर सोलर पंप का प्रदाय किया जा रहा है । शेष राशि भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदाय की जा रही हैं। इस योजना में कृषकों के एआईएफ एवं सीआईएफ की प्रक्रिया की जाना है। इसके लिए विभाग द्वारा 10 एवं 11 फ़रवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 05 बजे तक म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के कार्यालय, 11, लक्ष्मीबाई पार्क, मोती बंगला रोड़, देवास में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाया 148वां प्रकट उत्सव

**देवास।** श्री गजानन महाराज का 148वां प्रकट उत्सव श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह के समय मंदिर परिसर में काकड़ आरती, एवं पवित्र पोथी वाचन किया गया, जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को और भी भावपूर्ण बना दिया। दोपहर 12 बजे विधि-विधान से महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भजन मंडली द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया।

### ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत थाना कमलापुर पुलिस ने की दो प्रभावी कार्रवाई

# न्यायालय के निर्देश पर भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले प्रकरण में एक वर्ष से फरार दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

भरण-पोषण संबंधी वारंटो की प्राथमिकता से तामिली हेतु चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार प्रदेशभर में हेल्पिंग हैण्ड अभियान चलाया जा रहा है जिसमें भरण-पोषण वारंटो की तामीली को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा भरण-पोषण के वारंटो की तामीली मिशन स्तर पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीमे भरण-पोषण के वारंटो की तामीली हेतु मिशन स्तर पर कार्यरत है । थाना कमलापुर पुलिस के द्वारा न्यायालय देवास जिला देवास के प्रकरण क्रमांक MJCR/494/2025 धारा 125(3) दंड प्रक्रिया संहिता (02 वारंट) के उक्त प्रकरण के आरोपी जितेंद्र पिता देवीलाल व 01 महिला लगभग 01 वर्ष से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहे थे । अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली श्रृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी को 8 फरवरी को जिला देवास से गिरफ्तार कर न्यायालय देवास के समक्ष पेश किया गया।

### थाना कमलापुर पुलिस की "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत प्रभावी कार्यवाही

न्यायालय बागली से जारी 11,04,000/- की वसूली के फरार वारंटी को किया गिरफ्तार किया। ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड"के तहत दूसरी कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

विशेष टीम के द्वारा न्यायालय बागली द्वारा एक्सीडेंट प्रकरण में आरोपी भगवान गिर पिता बाबूलाल गिर, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम मतमोर के विरुद्ध 11,04,000/- की वसूली वारंट जारी किया गया था। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त फरार वारंटी भगवान गिर को 8 फरवरी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय बागली के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा वारंटी को उप-जेल बागली भेज दिया गया।







31 दिसम्बर 2014 को पीड़ित अंशुल माली, निवासी हाट पिपलिया, अपने खेत से घर लौट रहा था, तभी चापड़ा–हाट पिपलिया मार्ग पर स्विफ्ट कार चालक भगवान गिर द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसका लगभग 02 वर्षों तक उपचार चला, जिससे उसकी दोनों टांगें तथा कमर के नीचे का हिस्सा स्थायी रूप से निष्क्रिय हो गया। मामले में विवेचना उपरांत न्यायालय बागली में चालान प्रस्तुत किया गया, जहां आरोपी चालक एवं वाहन मालिक को दोषी पाया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन का बीमा नहीं होने के कारण वर्ष 2020 में न्यायालय द्वारा आरोपी चालक भगवान गिर एवं वाहन मालिक पर 11-11 लाख का क्लेम स्वीकृत कर पीड़ित को भुगतान करने का आदेश दिया गया था, किंतु आज दिनांक तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया। जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सिंह गौड़, संभागीय जिला संयोजक मोकित अली, प्रांतीय सदस्य दिनेश चौधरी, अनार सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जिलाधीश प्रतिनिधि तहसीलदार दीपिका पाव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि इ अटेंडेंस बैंड की जाए, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन बहाली, आठवां वेतनमान, हड़ताल अवधि कटा हुआ वेतन भुगतान, कैशलेस मेडिकल सुविधा, गुरुजी की वरिष्ठता, अतिथि शिक्षकों का नियमित करण, माध्यमिक शाला में विज्ञान पद अनिवार्य किया जाए। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के संजय पालीवाल ब्लॉक अध्यक्ष, जसवंत सिंह कुशवाह, योगेंद्र सिंह रैकवार, विजय सिंह सायल, मानसिंह सेंधव ,फूल कुमार लकड़ा, राजेंद्र असल, अशोक राठौड़ , दुर्गेश जाजू, योगेश पाठक , मेहरबान सिंह चौहान, महिपाल सिंह सेंधव आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन संभागीय संगठन मंत्री राजेंद्र यादव और आभार ब्लॉक संयोजक देवास संजय पालीवाल ने किया।

### कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक संपन्न

**देवास।** ओम जय क्षिप्रे ओम जय महांकाल भक्त मंडल के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी रविवार को क्षिप्रा से बिलावली तक निकलने वाली एक दिवसीय कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर महाराणा प्रताप परिसर में एक विशेष बैठक रखी गई। जिसमें सभी ने कावड़ यात्रा को लेकरअपने-अपने अपने विचार रखें। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रवीण शर्मा, ठाकुर सुरेंद्र सिंह गौड़ तूफान सिंह परमार, राकेश पटेल, बलवीर सिंह टोंककला, भगवान सिंह नेताजी, बने सिंह ठाकुर, राजा ठाकुर, अजय चौधरी, चिराग सोलंकी, मलखान सिंह सरपंच उपस्थित रहे।

# श्रमदान और महिला अधिकार जागरूकता गतिविधि आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना के आयोजित विशेष शिविर गोद ग्राम गढ्ढूखेड़ी में शिविर के द्वितीय दिवस प्राथमिक विद्यालय के सामने नालियों की सफाई की गई तथा 9 फरवरी से ग्राम में प्रस्तावित भागवत कथा स्थल को कचरा मुक्त किया गया। बौद्धिक सत्र में प्रो. मोहिनी परमार सहायक प्राध्यापक सैन्य विज्ञान ने महिलाओं में डिजिटल जागरूकता एवं सुरक्षा की जानकारी दी। इसके बाद सीनियर वॉलेंटियर भूपेश चौधरी, आदर्श जादव ओर आशीष पंचाल के नेतृत्व में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उक्त गतिविधि में शिविर नायक मुस्कान लोधी, ईश्वर लोधी ओर निखिल नगर के साथ स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक साप्ताहिक हाट में किसान कर रहे जैविक उत्पादों का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उप संचालक कृषि ने बताया कि में कृषि विभाग देवास के द्वारा हर रविवार सुबह 09 बजे से शाम 03 बजे तक फल सब्जी मंडी मक्सी रोड़ देवास में जैविक/प्राकृतिक साप्ताहिक हाट बाज़ार लगाया जा रहा है। साप्ताहिक हाट में जिले के विभिन्न गाँव के किसानों द्वारा जैविक उत्पादों क़ी दुकान लगाई। इनके द्वारा विभिन्न उत्पाद जैसे जैविक पालक, मेथी, बालौर, मूली, चुकंदर, बैगन, पपीता, अमरूद, हरा धनिया, मटर,चना एवं मूंग पापड़, हरि मूंग, हरे चने, तिल्ली का तेल, मूंगफली का तेल, हल्दी पाउडर आदि उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। जैविक हाट लगने से किसानों को उनकी फसल का अच्छा दाम मिल रहा है जिससे वे काफी खुश हैं। साथ ही क्रय करने आएग्राहकों द्वारा बताया गया कि जैविक हाट लगने सेउन्हें रसायनमुक्त सब्जी व अनाज एक जगह प्राप्त हो रहा है।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से



**भौरासा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में लगने वालेबाबा भँवरनाथ महाराज के मेले मे 16 से 21 फरवरी तक टेनिस विल्सन बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें इंट्री फिस 4000/ रूपए रखी गई है। वहीं प्रथम पुरस्कार 2 ,लाख रुपए ,द्वितीय पुरस्कार 1,लाख रूपये दिया जाएगा। साथ ही मेन ऑफ द सिरीज 11000 रुपए एव मैन ऑफ़ द मैच फाइनल 5100 सौ रू. दिए जाएंगे। प्रत्येक मैच 7 ओवर का होगा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ,भोपाल, इंदौर, आष्टा, पेटलावद, शाजापुर ,उज्जैन, कदवापटवा, सोनकच्छ, हाटपिपलिया, सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 16 टीमे भाग लेगी। मेले को इस वर्ष भव्य व सफल बनाने की अपील नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी ,पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि छोटू लाल लोधी ,पार्षद मनीष यादव, पार्षद सचिन यादव, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर ,पार्षद सुरेश मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चावड़ा, पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अबरार गांधी, पार्षद प्रतिनिधि भादर सिंह भाटिया व नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों ने की हैं।

### अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ ने आयोजित की शिक्षण संगोष्ठी

# मुख्य वक्ता डॉ.कोठारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समझाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ, देवास के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन एवं उससे जुड़ी चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से सेन थॉम अकादमी, देवास में एक भव्य व्याख्यान एवं शिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में एक "शिक्षा महाकुम्भ" के रूप में संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के प्रबुद्ध शिक्षाविदों एवं चिंतकों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु प्रो. एस. के. जैन, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु प्रो. देव आनंद हिंडोलिया, आत्मनिर्भर भारत, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. ओमप्रकाश शर्मा, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अर्पण भारद्वाज, तथा अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ के अध्यक्ष राजेश खत्री एवं सचिव दिनेश मिश्रा मंचासीन रहे। संगोष्ठी के माध्यम से देवास नगर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, स्वरूप एवं व्यवहारिक चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का सुअवसर प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. अतुल कोठारी ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति वर्तमान समय की अत्यंत आवश्यक मांग है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1952 से अब तक माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के लिए तो विभिन्न आयोग गठित हुए, किंतु प्राथमिक एवं पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के लिए किसी ठोस आयोग का गठन नहीं हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस कमी को दूर करते हुए नवीन शैक्षणिक ढांचा प्रस्तुत किया है, जिसमें प्राथमिक एवं पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है।उन्होंने नीति की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कक्षा पाँच तक शिक्षा मातृभाषा में तथा संभव हो तो कक्षा आठ तक मातृभाषा में दी जानी चाहिए। कक्षा छह से व्यावहारिक एवं व्यवसायिक शिक्षा तथा कक्षा नौ से कौशल विकास एवं इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। विद्यार्थियों को विषय चयन की स्वतंत्रता दी गई है, जिससे वे कला, वाणिज्य, विज्ञान, संस्कृत, अंग्रेज़ी सहित विभिन्न विषयों का चयन अपनी रुचि के अनुसार कर सकें।डॉ. कोठारी ने कहा कि शिक्षक के लिए बी.एड. आवश्यक है, किंतु कौशल विकास जैसे विषयों के लिए संबंधित क्षेत्र के कुशल व्यक्तियों की सेवाएँ भी ली जा सकती हैं। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उद्बोधनों के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से सार्थक एवं संवादात्मक चर्चा हुई। कार्यक्रम में देवास नगर के शिक्षा से जुड़े समस्त शैक्षणिक संस्थानोंकृविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षा महाविद्यालयों के संचालक, प्राचार्य, संस्था प्रमुख तथा नगर के अनेक विशिष्ट नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सैयद मकसूद अली एवं कीर्ति चव्हाण द्वारा किया गया। स्वागत भाषण एवं संस्था की कार्ययोजना का परिचय संघ के अध्यक्ष राजेश खत्री ने प्रस्तुत किया, जबकि अतिथि परिचय सुरेंद्र राठौर द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन संघ के सचिव दिनेश मिश्रा ने किया। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी शकील कादरी, आदित्य दुबे एवं अबरार अहमद शैख द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

# सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार सम्मेलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अवंतिका नगर मक्सी रोड स्थित श्यामा वाटिका गार्डन में 6 फरवरी को श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का भव्य, अविस्मरणीय, अनूठा एवं अभूतपुर्व सम्मेलन, जागृति श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन देवास द्वारा किया गया जिसमे 8 जोड़ों का विवाह एवं 9 बटूको का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में उपस्थित लगभग चार हजार समाजजनों , महामंडलेश्वर द्वय ,विद्वत आचार्यों एवं विभिन्न जिला संगठनों के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में मुख्यआचार्य डॉ. वेदप्रकाश शुक्ल एवं आचार्य प. कैलाशचंद्र जोशी तथा सहायक आचार्यों द्वारा पूर्ण वैदिक रीति सम्पन्न कराया गया। जागृति संगठन के द्वारा आयोजित एवं प्रांतीय महासभा द्वारा संयोजित इस आयोजन में जोड़ों को घर गृहस्थी का उपयोगी सामान जैसे कुलर, पलंग, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, टीवी, बर्तन आदि तथा सुहाग का सामान मंगलसूत्र ,पायल ,नाक का काटा आदि कन्यादान में समिति एवं दानदाताओं द्वारा प्रदान किया गया। जागृति संगठन के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा यह आयोजन एक सामूहिक सामाजिक बचत के उद्देश्य को लेकर किया गया था, जिसमे आयोजको को महत्वपूर्ण सफलता मिली साथ ही नव युवक युवतियों के लिए प्रेरणादायि रहा।

### दरगाह क्षेत्र में रंग-रोगन कार्य जारी, तरह-तरह के झूले रहेंगे आकर्षण का केंद्र


# 112वें सालाना उर्स की तैयारियां हुई तेज, हजारों जायरीन आएंगे

### कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है एक दिन का स्थानीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर आगामी मार्च माह में लगने जा रहे 112वें सालाना उर्स के लिए दरगाह कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरगाह परिसर पर जहां पुताई एवं रंग-रौगन का कार्य प्रगतिरत है वहीं सेवादारों द्वारा उर्स क्षेत्र में बोल्डर, पत्थरों को भी हटाते हुए समतलीकरण का कार्य किया जाने लगा है।

आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च से गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी। हर साल की तरह इस साल भी उर्स में बच्चों, बड़ों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले, सर्कस सहित अन्य साधन आएंगे। वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय उर्स में आने वाले आमजनों की सुविधा के लिए दरगाह कमेटी द्वारा कई तरह के इंतेजाम किए जा रहे हैं। उर्स की व्यवस्थाओं, इंतेजामों की कड़ी में कमेटी सदर मोहम्मद शफीक गामा, मुत्तवल्ली मीर मुश्ताक अली रिजवी द्वारा दरगाह के अंदरूनी हिस्से में फातिहा पढ़ते हुए कूची चलाकर पुताई की रस्म अदायगी की गई। इस दौरान कमेटी सदर अशरफ गौरी, अकीब खान सहित अन्य मौजूद रहे। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि दरगाह परिसर को आकर्षक स्वरूप देने पुताई सहित रंग-रौगन कार्य तेजी से किया जा रहा है।




#### कलेक्टर घोषित कर चुके हैं 12 मार्च का स्थानीय अवकाश

आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय पर लगने वाले इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों, राजस्थान, भोपाल व पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में जायरीन आते हैं। इस उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा भी आगामी 12 मार्च के लिए संपूर्ण राजगढ़ जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

#### आमजनों की मांग, कम हो झूलों आदि का किराया

बाबा की दरगाह पर लगने वाले इस उर्स में प्रतिवर्ष हजारों लोग सामानों की खरीदी, मनोरंजन के साधनों का लुत्फ लेने यहां आया करते हैं। गत वर्ष आयोजित मेले में सभी तरह के झूलों का किराया लगभग 50 रुपए रखा गया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस साल किराया दर में और ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में आमजनों ने दरगाह कमेटी पदाधिकारियों से मांग रखी है कि झूलों सहित मनोरंजन के अन्य सभी साधनों के किराए में वृद्धि न की जाए ताकि हर तबके के लोग एवं बच्चे उर्स का लुत्फ उठा सकें।

#### सुरक्षा, टैफिक व्यवस्था के इंतजाम होने लगे

उर्स में आने वाले हजारों लोगों की सुरक्षा के मद्धेनजर पुलिस प्रशासन ने भी शुरूआती तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल उर्स क्षेत्र में अलग से एक अस्थाई पुलिस चैकी भी बनाई जाती है जिसमें चैबीसों घंटे कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाता है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश ताकि सारगर्भित लिखें

# बोर्ड परीक्षाएंः प्रश्न-पत्र हल करने नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो दिन बाद 10 फरवरी से आरंभ होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी विषय का प्रश्न-पत्र हल करने के लिए दूसरी उत्तर-पुस्तिका (सप्लीमेंट्री कॉपी) नहीं मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर प्रत्येक परीक्षार्थी को 32 पेज की एक ही कॉपी पूरा पर्चा हल करने के लिए दी जाएगी।

दरअसल, अनेकों विद्यार्थी पर्चा हल करते समय विषय और लीक से हटकर बढ़ा-चढ़ाकर अपना उत्तर लिखते हैं, जिसका मूल प्रश्न से कहीं से कहीं तक कोई संबंध नहीं होता। ऐसे में परीक्षार्थी सारगर्भित और विषय संगत ही उत्तर दें, इसके लिए माशिमं ने उक्त निर्देश प्रसारित किए हैं। मंडल द्वारा गत वर्ष की परीक्षाओं में भी यह प्रयोग किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा था। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में परसों 6 फरवरी को जिले में बनाए गए प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए हुए परीक्षा सामग्री वितरण में परीक्षार्थियों की संख्या के मान से संबंधित केंद्रों के प्रभारियों को उत्तर-पुस्तिकाएं हैंडओवर की गई हैं।

#### परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण लाउडस्पीकरों पर भी प्रतिबंध

प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। नकल प्रकरणों को रोकने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं जो परीक्षा अवधि के दौरान सतत रूप से संवेदनशील, अति-संवेदनशील सहित सभी 63 केंद्रों का अनवरत भ्रमण, निरीक्षण करते रहेंगे। उधर, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने परीक्षाओं के दृष्टिगत संपूर्ण राजगढ़ जिले की सीमा में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

### पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

सारंगपुर। नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर मंदिर परिसर में पाटीदार समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 37 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। आयोजन में समाजजनों का उत्साह और सहयोग विशेष रूप से देखने को मिला, जिसके चलते कार्यक्रम विशाल एवं सफल रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं सम्मेलन अध्यक्ष मोहनलाल रावत उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह संपन्न कराने का अवसर प्रदान करते हैं। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था और विवाह समारोह के दौरान पारंपरिक रस्मों का विधिवत पालन किया गया। अंत में सभी नवदंपतियों को समाज की ओर से आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन की सफलता पर समाजजनों ने संतोष व्यक्त करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम चौपालः 'बचपन' अपने से कर रहा 'बदलाव' की शुरुआत

### कुरीतियां मिटाने तंवरवाड़ क्षेत्र के गांवों में चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के कई समाजों में व्याप्त नातरा-झगड़ा सहित अन्य कुरीतियों, भेदभाव और नशे आदि के खिलाफ अब बच्चे और युवा केवल सवाल नहीं उठा रहे, बल्कि स्वयं बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच एक नई सोच, नई चेतना और नई दिशा उभरकर सामने आ रही है। युवाओं का साफ कहना है कि "यदि समाज को बदलना है, तो बदलाव की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी।" इसी कड़ी में बीते दो दिनों में कालीपीठ क्षेत्र के करीब 20 से अधिक गांवों में अलग-अलग युवाओं की टोलियों, बच्चों के साथ चैपालों के माध्यम से संवाद किया जा रहा है। रहेगी। इन चैपालों एवं बैठकों में बच्चे व युवा न केवल अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी सहमति उनके द्वारा जताई जा रही है। कल शनिवार को सांडाहेडी, महाबल, आंबा, लावाबे, कालीपीठ, हीरानखेड़ा, भीयापुरा, टांडी कलां आदि गांवो में आयोजित चैपाल में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और खुलकर अपने विचार रखे।

#### बच्चों को उनकी भाषा में समझा रहे संवैधानिक महत्व

अहिंसा टीम के पीस वॉलेंटियर युवाओं द्वारा आयोजित बैठकों के दौरान महाबल, सांडाहेड़ी गांव में युवाओं को संवैधानिक मूल्यों जैसे न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को उनकी ही समझने वाली भाषा में कुरीतियों के संबंध में अवगत कराया गया। युवाओं का कहना था कि जब तक संविधान को सही मायने में नहीं समझा जाएगा, तब तक एक बेहतर और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना संभव नहीं है। चैपाल में उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में कहा कि यदि सभी युवा संगठित होकर ईमानदारी से कार्य करें, तो न केवल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र को शिक्षित और कुरीतियों से मुक्त बनाया जा सकता है। जारी रहेंगे।

### उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि होगी देय

# नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित आग लगाना होगा दंडनीय अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उपसंचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास राजगढ़ द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है की वर्तमान में गेहूं की अधिकांशतः फसल कटाई हारवेस्टर द्वारा की जाती है। कम्बाईन हारवेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओ में तेजी से वृद्धि हुई है। नरवाई जलाने के कारण वायु प्रदुषण एवं आगजनी की घटनाओ से आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है साथ ही खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जनधन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु आदि नष्ट हो जाते है जिससे व्यापक नुकसान होता है एवं भूमि की उर्वराशक्ति कम होती है।



**राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश का करना होगा पालन –**

म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेशन क्रमांक एफ।12-37/2017/18-5 /15.05.2017 के अनुपालन में फसल काटने के उपरांत उसके अवशेषों को जलाने से रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये सम्पूर्ण जिला राजगढ़ राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश पारित किया जाता है-

1. राजगढ़ जिला अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेषों को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।

2. हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करेंगे एवं खेत पर ही फसल अवशेषों का भूसा बनाकर निपटान करेंगे । यदि राजगढ़ जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हारवेस्टर मशीन संचालको द्वारा हारवेस्टर में स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम नहीं लगाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

3. बिना स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम लगी हारवेस्टर मशीन से फसल कटाई कराने पर स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा भूमि मालिक एवं हारवेस्टर मशीन संचालक दोनों पर अलग-अलग राशि 5000 रुपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

4. . हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन का प्रकार, मशीन ध्वाहन नं.. स्वामी का नाम, संपर्क नं., कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज करायेंगे। इस हेतु थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

5. पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेसन क्रमांक एफ/12-37ध्2017ध्18-5 / 15.05.2017 द्वारा नरवाई में आग लगाना दंडनीय होगा एवं उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

(1). ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से कम है- 2500रु. प्रति घटना

ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से अधिक व 5 एकड से कम है

### पुलिस ने की कार्रवाई

## सूने मकानों में चोरी का प्रयास करने वाले 2 शातिर गिरफ्तार

सारंगपुर । सारंगपुर पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि कस्बा सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित जैन मंदिर के पास तथा छोटा चैक गली में अज्ञात चोरों द्वारा सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है। फरियादी हरीश राठौर और अन्य ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5-6 फरवरी की दरम्यानी रात उनके सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। मामले में थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 88ध्26 एवं 92ध्26 धारा 331(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने



घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की। संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने चोरी का प्रयास करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी बरामद की गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी आरिफ उर्फ बड़े अब्बा, पिता मोहम्मद हनीफ खान, उम्र 30 वर्ष, निवासी बारीखेल, सारंगपुर तथा दूसरा आरोपी पारस भिलाला, पिता बनेसिंह भिलाला, उम्र 30 वर्ष, निवासी नगरपालिका के पीछे, सारंगपुर।आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की हथौड़ी जप्त की।



### जिला राजगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन की जिला बैठक संपन्न

ब्यावरा। जिला वालीबॉल एसोसिएशन की ब्यावरा में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुए। जिसमें मध्यप्रदेश एम्योचोर वालीबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त उज्जैन जोनल सेक्रेटरी अतुल जगताप व संक्षरक इंजी.बीके गुप्ता अध्यक्षता में हुई ,आज की इस जिला बैठक तथा निर्वाचन में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से डॉ.राकेश पाण्डे राजगढ़ को जिला अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया एवं जिला सचिव पद पर राम भील को इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा नवीन पदाधिकारियों को अपनी बधाइयां दी। साथ हीआगामी योजनाओं के साथ एसोसिएशन तथा वॉलीबॉल खिलाड़ियों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में जिले से वॉलीबाल में राज्य स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से विशेष सम्मान प्रदान करने की बात कही गई। इस बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक इंजी.बी के गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष महंत दीपेन्द्र दास, मोहम्मद सैफी सुशील शर्मा,प्रणपाल सिंह खिंची, दिनेश पारिक , फिरोज लोदी रविंद सिंह राजपूत, यश जगताप, आदित्य रायकवार, अजय बड़ोनिया, अभिषेक दांगी, अमित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस पर श्रमदान व जैविक खेती पर बौद्धिक सत्र आयोजित




सारंगपुर। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस दौरान आंगनवाड़ी व पंचायत निर्माण कार्य में सहयोग करते हुए रास्तों की सफाई, मिट्टी भराव और ईंट ढोने जैसे कार्य किए। द्वितीय सत्र में जैविक खेती विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सतीश बैस एवं कृषि विभाग के विकास खंड तकनीकी प्रबंधक मयंक जैन ने जैविक खेती के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया, पवन सिंह बेस सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भर्ती कैंप में जांची युवाओं की कद-काठी, 11 चयनित

### अगला कैंप कल नरसिंहगढ़ जनपद में होगा आयोजित



राजगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिष, नई दिल्ली के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा जिले की सभी जनपदों में भर्ती कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन के ब्यावरा स्थित भवन में शनिवार को कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 35 युवाओं ने भाग लिया जिनकी शारीरिक दक्षता, कद-काठी, योग्यता आदि के आधार पर 11 युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर हुआ है। भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगला कैंप 09 फरवरी को नरसिंहगढ़ जनपद में आयोजित किया जाएगा। कल चयनित हुए 11 युवाओं को जयपुर में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, ताजमहल, ग्वालियर किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि स्थानों एवं कार्यालयों में इन युवाओं को संतोषप्रद तनख्वाह पर रखा जाएगा। इसके साथ ही सभी चयनितों को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

#### जिन्हें भाग लेना हैं वे यहां संपर्क करें

कैंपों में शामिल होने के इच्छुक बेरोजगार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 90798-50906 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त पदों हेतु कक्षा 10वीं उत्तीर्ण, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर हो, वे युवा इसमें शामिल हो सकते हैं।

### मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों को विकास की सौगात दी

# 3 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





#### भाजपा सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर जेपला सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास को गति देते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों में लगभग 3 करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

#### विकास कार्य जनहितैषी

इस अवसर पर भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत जेपला के सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री पंवार ने उन्हें भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की नीतियों और सुशासन पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। अंत में मंत्री पंवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण अधोसंरचना सुदृढ़ होगी, आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी , अमित शर्मा इंजीनियर आशीष लोवानिया सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

#### यहां होगें लाखों के विकास कार्य

1.ग्राम पंचायत शाहपुरा में लगभग 27 लाख,
2.ग्राम पंचायत कचनारिया में लगभग 47 लाख,
3.ग्राम पंचायत जेपला में लगभग 49 लाख 29 हजार,
4.ग्राम पंचायत निवानिया में लगभग 1 करोड़ 2 लाख,
5.ग्राम पंचायत मोया में लगभग 62 लाख 50 हजार,
6.ग्राम पंचायत जामोनिया घाटा में लगभग 77 लाख 50 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि विकास की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके।